
छिंदवाड़ा | मंगलवार | 15 सितंबर 2026 | वर्ष 26 | अंक 162 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# दिशा केस में सीबीआई के राडार पर उद्धव, आदित्य

## एफआईआर दर्ज, पूर्व सीएम पर मामला दबाने का आरोप


**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**मुंबई, 14 सितम्बर. सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियन की मौत के मामले में सोमवार को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है. एफआईआर में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे समेत 17 लोगों के नाम शामिल हैं.**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने दो सप्ताह पहले सीबीआई को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी. एफआईआर में हत्या, गैंगरेप, आपराधिक साजिश, सबूत मिटाने और गलत जानकारी देने से जुड़ी धाराओं का जिक्र है. एफआईआर के मुताबिक तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और अन्य लोगों की मामले को दबाने में अहम भूमिका निभाई. संबंधित सरकारी कर्मचारियों और पुलिस अधिकारियों की भी जांच की जानी चाहिए. उन पर केस के कागजात, फाइलें और अन्य रिकॉर्ड नष्ट करने के आरोप हैं. इसके अलावा रिकॉर्ड में हेरफेर करने और अपराधियों को बचाने के लिए सरकारी फंड और पुलिस मशीनरी का गलत इस्तेमाल करने का आरोप है. मालूम हो कि 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की एक बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से गिरने से दिशा की मौत हुई थी.

### डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, रिया भी जांच के घेरे में

सीबीआई के अनुसार आदित्य ठाकरे, डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, रिया चक्रवर्ती और पोस्टमार्टम में देरी के लिए जिम्मेदार डॉक्टर और स्टाफ की भूमिका की जांच जरूरी है. इससे पहले दिशा के पिता सतीश सालियन बेटी की मौत की जांच के सिलसिले में सीबीआई के सामने अपना बयान दर्ज कराया.

# गलवान झड़प के बाद पहली बार चीनी सैनिक पीछे हटे

## रिपोर्ट : एलएसी पर कॉम्बाइंड आर्म्स ब्रिगेड की तैनाती का असर

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**दिल्ली, 14 सितंबर. गलवान घाटी में हुई हिंसा के करीब 7 साल बाद पहली बार चीन ने एलएसी पर अपने सैनिकों को पीछे किया है. यह खुलासा सोमवार को रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में हुआ.**

चीन का यह रुख ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय वार्ता को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है. भारतीय सेना की आक्रामक घेराबंदी और 10 कॉम्बाइंड आर्म्स ब्रिगेड की तैनाती के बाद चीन के तेवर ढीले पड़ गए हैं. उत्तरी सीमाओं पर चीन के



पीएलए ने सैनिकों की तैनाती में भारी कटौती की है. गलवान झड़प में 20 जवान शहीद हो गए थे.

### 1 ब्रिगेड में 3000 जवान

रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने एलएसी पर 10 ऐसी विशेष ब्रिगेड तैनात की हैं, जो एक साथ कई मोर्चों पर हमला करने में सक्षम हैं. एक ब्रिगेड में करीब 3,000 जवान होते हैं. इस विशेष कॉम्बाइंड आर्म्स यूनिट में सैनिक, टैंक, तोप और एयर डिफेंस एक ही कमान के तहत काम करते हैं. इस तैनाती के बाद ही चीन के सैनिकों ने अपने कदम पीछे लिए हैं.

### लगातार वार्ता का असर

सीमा पर सैन्य मजबूती के साथ-साथ कूटनीतिक बातचीत से भी हालात सुधरे हैं. दोनों पक्षों के सैन्य अधिकारियों के बीच कई दौर की सीधी वार्ता हुई है. वहीं अगस्त 2025 में चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में शीर्ष नेताओं की मुलाकातों से संबंधों में जमी बर्फ पिघली है. एलएसी के सभी सेक्टर में भारतीय सेना मजबूती के साथ खड़ी है.

# दीप प्रज्जवलन के विश्व रिकॉर्ड की तैयारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 14 सितंबर. सेवा संकल्प अभियान के पहले दिन मप्र में दीप प्रज्जलन का विश्व रिकॉर्ड बन सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आला अफसरों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं.**

उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर उनके प्रति आभार



**सीएम ने की सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा**

प्रदर्शित करेंगे, हमारा प्रयास हो कि दीप प्रज्ज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम हो. मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समत्व भवन में वर्चुअल समीक्षा की. बैठक में सीएम ने कहा कि अभियान प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के उजास का प्रतीक है. अभियान का आयोजन ग्राम और नगर स्तर पर जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साह पूर्वक किया जाये. सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी मॉनीटरिंग हो. उन्होंने बताया कि सेवा के रंग-राष्ट्र के संग कार्यक्रम के तहत जबलपुर में ह्युमन रंगोली का आयोजन किया जाएगा.

# नीट परीक्षा में बड़े बदलाव की तैयारी

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी अब अगले साल से सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में आयोजित हो सकती है. परीक्षा कराने वाली एग्जाम एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने इसके संकेत दिए.**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी अब अगले साल से सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में आयोजित हो सकती है. परीक्षा कराने वाली एग्जाम एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने इसके संकेत दिए. उन्होंने कहा कि नीट यूजी को बहुत जल्द कंप्यूटर बेस्ड मोड में बदल जाएगा. सीबीटी ही अगला भविष्य है. उन्होंने कहा कि नीट एग्जाम को छोड़कर हमारे सभी एग्जाम सीबीटी बेस्ड हैं. नीट का फॉर्मेट भी अब बहुत जल्द सीबीटी बेस्ड हो जाएगा. ' उन्होंने कहा कि नंदन नीलेकणि की लीडरशिप वाली हाई-पावर्ड टास्क फोर्स भी इस पर काम कर रही है.



**4एनटीए ने दिए संकेत, अगला टारगेट भी बताया**

### क्रॉस-बॉर्डर एग्जाम अगला कदम हैं : एनटीए

एनटीए के डायरेक्टर जनरल सिंह ने क्रॉस-बॉर्डर एग्जाम को अपना अगला फोकस एरिया और टारगेट बताया. सिंह ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, 'अभी हमारी कोशिश अपने सिस्टम को बेहतर बनाने की है ताकि हम बिना किसी गड़बड़ी या गलती के या अपने सिस्टम के किसी रिव्यू की जरूरत के बिना, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भारतीय एग्जाम करा सकें.' उन्होंने आगे कहा कि एक बार घरेलू सिस्टम मजबूत हो जाने के बाद हम दूसरी ग्लोबल बॉडीज़ के लिए एग्जाम कराने की तरफ देखेगा.

## एक नजर में

### केदारनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से 1 की मौत

**उत्तराखंड.** रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन के बाद यात्रा रोक दी गई. चीरबासा हेलिपैड के पास पहाड़ से चट्टानें गिरने से 65 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई.

### नागालैंड में 2 दिन में जहरीली शराब से 9 मौतें

कोहिमा, 14 सितबंर. ड्राई स्टेट नागालैंड के तुएनसांग जिले में जहरीली शराब से नौ लोगों की मौत हो गई. इसके बाद प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ गई है.

# टीएमसी के 17 बागी सांसद बीजेपी के साथ

### बसुनिया के दावे से सियासत गरमाई

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 14 सितंबर. तृणमूल कांग्रेस छोड़कर एनसीपीआई में शामिल हुए 20 बागी सांसदों को लेकर सियासत गरमा गई है. बागी सांसदों में शामिल जगदीश बसुनिया ने दावा किया है कि इनमें से 17 सांसद जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे, जबकि तीन मुस्लिम सांसद एनसीपीआई में रहते हुए एनडीए का समर्थन जारी रखेंगे.**

यह बयान ऐसे समय आया है, जब 20 सांसदों के दल बदलने का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है.



जगदीश बसुनिया ने कहा हमने बीजेपी में शामिल होने का भी फैसला किया है. इसमें थोड़ा समय लगेगा. टीएमसी ने सांसदों के खिलाफ लोकसभा स्पीकर के पास शिकायत की है. इस मामले में 20 सांसदों को 22 सितंबर तक अपना जवाब देना है. उन्होंने दावा किया कि जवाब दाखिल करने और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे का रास्ता साफ होगा.

### तीन एनसीपीआई में रहेंगे

बसुनिया ने दलबदल विरोधी कानून का जिक्र करते हुए कहा कि किसी पार्टी से अलग होने की स्थिति में दो-तिहाई संख्या महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने दावा किया कि टीएमसी के कुल 28 सांसदों में से 20 ने साथ जाने का फैसला किया है और इस संख्या के आधार पर उन्हें दलबदल विरोधी कानून से संरक्षण मिलना चाहिए.

# लद्दाख की मांगों पर फूट

## वांगचुक पदयात्रा पर अड़े और छेवांग का बातचीत पर भरोसा

**श्रीनगर, 14 सितंबर. लद्दाख की चार प्रमुख मांगों को लेकर केंद्र सरकार और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत का दौर जारी है. लेह अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस लंबे समय से इन मांगों को लेकर केंद्र के साथ संवाद कर रहे हैं.** इसी बीच आंदोलन की रणनीति को लेकर लद्दाख के प्रमुख चेहरों के बीच मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं. सामाजिक कार्यकर्ता और



एलएबी के सदस्य सोनम वांगचुक ने अपनी मांगों के समर्थन में एक बार फिर पदयात्रा का ऐलान किया है. दूसरी ओर, लद्दाख के पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता थुपसन छेवांग बातचीत के जरिए समाधान निकालने पर अधिक जोर दे रहे हैं.

